31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय लेखों के भाग के रूप में अनुसूचियां

टिप्पणी संख्या ''1''

(क) निगमित सूचना

एअर इंडिया लि. विलयित कंपनी का प्रतिनिधित्व करती है जोकि पूर्व इंडियन एयरलाइन्स लि. और पूर्व एअर इंडिया लि. के दिनांक 1 अप्रैल, 2007 को हुए विलय के परिणामस्वरूप अस्तित्व में आई है। विलयित कंपनी नेशनल एविएशन कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (नैसिल) के नाम से जानी जाती थी। दिनांक 24.11.2010 से कंपनी का नाम बदलकर ''एअर इंडिया लि.'' कर दिया गया। कंपनी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराती है। कंपनी के विमान बेड़े में विमानों की व्यापक रेंज उपलब्ध है जिसमें मुख्य रूप से एयरबस और बोइंग विमान जैसे ए–319, ए–320, ए–321, बी–747, बी–777 तथा बी–787 विमान सम्मिलित हैं। एयरलाइन उद्योग सामान्यतः कड़ी प्रतिस्पर्धा, आर्थिक मंदी और उच्च ईंधन लागत से प्रभावित रहा है। वित्त वर्ष 2011–12 के दौरान कंपनी ने अपने प्रचालनात्मक और वित्तीय निष्पादन में सुधार लाने के लिए एक टर्न अराउंड योजना (टीएपी) और वित्तीय पुनः संरचना योजना (एफआरपी) को अपनाया/कार्यान्वित किया है। तदनुसार, भारत सरकार कंपनी में टीएपी/एफआरपी के रूप में निधियां डालती है। संशोधित टर्नअराउंड योजना बनाई गई है जिसके अंतर्गत अनुकूल बाजार परिदृश्य तथा ईंधन लागत में कमी को देखते हुए लाभप्रदता के लक्ष्यों को दो वर्ष पहले प्राप्त किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

(ख) लेखा परिपाटी

i) गणना का आधार

यह वित्तीय विवरण, मूल लागत रीतियों के तहत प्रोद्भूत आधार पर (स्पष्ट किए गए कथन को छोड़कर), गोईंग कन्सर्न अवधारणा पर तैयार किए गए हैं तथा सामान्य रूप से स्वीकृत लेखा सिद्धांतों और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 तथा उसके साथ पठित कंपनी (लेखा) नियम 2014 के नियम 7 में उल्लिखित लेखा मानकों का अनुसरण करते हैं।

ii) आकलनों का उपयोग

भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुरूप वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति के लिए प्रबंधन को उन आकलनों और मान्यताओं को निर्धारित करना अपेक्षित होता है जो वित्तीय विवरण की तिथि के दिन परिसंपत्तियों तथा देयताओं की रिपोर्ट की राशि तथा आकस्मिक देयताओं की प्रस्तुति और रिपोर्टिंग अवधि के दौरान राजस्व तथा व्यय की गई राशि को प्रभावित करते हैं। जिस अवधि में परिणाम ज्ञात/कार्यान्वित होते हैं उसी समय वास्तविक परिणाम और आकलनों के बीच का अंतर भी पता चल पाता है।

iii) प्रचालन चक्र

सेवा सेक्टर में होने के कारण कोई निर्धारित प्रचालन चक्र नहीं है। कंपनी अधिनियम, 2013 के शेड्यूल–III के प्रावधानों के अनुसार 12 माह की अवधि को 'प्रचालन चक्र' के रूप में अपनाया गया है।

ग. महत्त्वपूर्ण लेखा नीतियां

1) स्थिर परिसंपत्तियां

i) क) स्थिर परिसंपत्तियों (प्रमुख संघटक सहित) को खरीद मूल्य पर दर्शाया जाता है जिसमें स्थिर परिसंपत्तियों के अर्जन तथा उसके उपयोग के लिए उन्हें स्थान पर ले जाने के लिए लगी आकस्मिक लागत तथा संबंधित स्थिर परिसंपत्तियों का उपयोग करने की तिथि तक लिए गए ऋणों, जहां लागू हो, पर देय ब्याज शामिल है।

ख) विमानों के रोटेबल्स/रिपेयरेबल्स को स्थिर परिसंपत्तियों के रूप में दर्शाया गया है।

ii) दक्षता/जीवन चक्र को बढ़ाने के उद्देश्य से विमानों में किए गए प्रमुख आधुनिकीकरण/परिवर्तन/रूपांतरण पर होने वाले व्यय को पूंजीकृत किया जाता है।

iii) लीज़ पर ली गई स्थिर परिसंपत्तियां अधिकतर जिनके स्वामित्व के सभी जोखिम और लाभ कंपनी को स्थानांतरित हो जाते हैं, उन्हें वित्तीय लीज़ के रूप में लिया जाता है और पूंजीकृत किया जाता है।

iv) परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन

परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन रोटेशनल आधार पर किया जाता है ताकि प्रत्येक परिसंपत्ति का सत्यापन हर दो वर्ष में एक बार हो जाए तथा सत्यापन के समय पाई गई विसंगतियों को उसी वर्ष में समायोजित कर दिया जाता है जिस वर्ष में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई हो।

v) ''विक्रय के लिए रखी गई स्थिर परिसंपत्तियां''

विक्रय के इरादे से रखी गई स्थिर परिसंपत्तियों के संबंध में स्थिर परिसंपत्ति के निवल बुक मूल्य को स्थिर परिसंपत्तियों के ब्लॉक से ''विक्रय के लिए रखी गई स्थिर परिसंपत्तियों'' में स्थानांतरित किया जाता है तथा जब विक्रय की अधिक संभावना हो तो उसे चालू परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। यदि स्थिर परिसंपत्ति का विक्रय मूल्य इसकी लागत से ज्यादा हो तो कोई मूल्यह्रास नहीं लगाया जाता।

2. मूल्यह्रास/परिशोधन

(क) सभी परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II के तहत परिसंपत्तियों के उपयोग की आयु पर मूल लागत के 5% अवशिष्ट मूल्य को छोड़कर, स्ट्रेट लाइन पद्धति के आधार पर लगाया जाता है। इसमें निम्नलिखित परिसंपत्तियां शामिल नहीं हैं, क्योंकि अनुसूची– II में इनकी आयु निर्धारित नहीं की गई है तथा यह मूल लागत के 5% अवशिष्ट मूल्य को छोड़कर निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित तकनीकी अर्हता प्राप्त व्यक्तियों द्वारा निर्धारित की जाती है।

i) रोटेबल्स

– एयरबस श्रेणी से संबंधित विमान रोटेबल्स पर संबंधित इंजीनियरी बेस के विमान बेड़े के शेष औसत उपयोगी जीवन पर खरीद के संबद्ध वर्ष से मूल्य का मूल्यह्रास लगाया जाता है।

– बोइंग से संबंधित विमान रोटेबल्स पर संबधित विमान बेड़े के शेष औसत उपयोगी जीवन पर खरीद के संबद्ध वर्ष से मूल्य का मूल्यह्रास लगाया जाता है।

ii) "रोटेबल्स" तथा "अन्य स्थिर परिसंपत्तियों" में वृद्धि पर मूल्यह्रास अर्जन के वर्ष में पूरे वर्ष के लिए लगाया जाता है तथा निपटान के वर्ष में मूल्यह्रास नहीं लगाया जाता।

iii) यदि विमान रिपेयरेबल्स को पहले स्क्रैप नहीं किया है तो उन्हें उनकी खरीद की तिथि से 10 वर्षों (माइग्रेशन के उपरांत की स्थिति में अर्थात् बोइंग की रिपेयरेबल्स 28 मई, 2012 के बाद होनी हो तथा एयरबस की रिपेयरेबल्स 25 नवम्बर, 2012 के बाद होनी हो) तथा 5 वर्षों (माइग्रेशन से पूर्व) की अवधि के बाद परिशोधित किया जाएगा।

(ख) लीज़ पर ली गई परिसंपत्तियों पर किए गए प्रमुख परिवर्तनों/नवीनीकरण, आधुनिकीकरण/रूपांतरण को लीज़धारी परिसंपत्तियों में सुधार के तहत दर्शाया जाता है तथा उसका लीज़ अवधि में परिशोधन कर लिया जाता है।

(ग) निरंतर चलने वाली लीज़ के अतिरिक्त, लीज़धारी भूमि का परिशोधन, लीज़ अवधि में कर लिया जाता है।

(घ) ऐसी अप्रत्यक्ष परिसंपत्तियां, जिनकी उपयोगी किफायती लाइफ होती है, उनका परिशोधन अनुमानित उपयोगी समय में कर लिया जाता है, यात्री सेवा प्रणाली के साफ्टवेयर का 10 वर्षों के लिए तथा अन्य का 5 वर्षों के लिए।

(ड.) लेखा मानक की अपेक्षानुसार ''विक्रय के लिए रखी गई परिसंपत्तियों'' पर कोई मूल्यह्रास लगाया जाना अपेक्षित नहीं है।

3. निवेश

(क) दीर्घकालिक निवेश लागत में से कीमतों में आई स्थायी कमी (यदि कोई है) को घटाकर दिखाया जाता है।

(ख) सहायक कंपनियों पर निवेशों को दीर्घकालिक निवेश माना जाता है तथा उनका मूल्यांकन समलागत पर किया जाता है। मूल्य में कमी को स्थायी तभी माना जाता है जब निवेश के मूल्य को इसके वास्तविक अंकित मूल्य के बराबर पुनः प्राप्त करने की संभावना बहुत कम हो जाती है।

(ग) वर्तमान निवेश लागत से कम तथा निष्पक्ष बाज़ार मूल्य पर आंके जाते हैं।

4. इनवेंटरी

i) इनवेंटरी भारित औसतन लागत पर दर्शाई जाती है। तथापि, वर्ष के अंत में विमान में विमान टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की लागत को अंतिम विद्यमान दर पर दर्शाया जाता है।

ii) विस्तार योग्य/उपयोग योग्य कलपुर्जों को जारी करने के प्रारम्भिक समय पर प्रभारित किया जाता है। इसमें वे कलपुर्जे सम्मिलित नहीं हैं जो मरम्मत योग्य कलपुर्जों की मरम्मत के लिए होते हैं और जिन्हें वर्क आर्डर समाप्त हो जाने पर खरीदा जाता है।

iii) विमान भंडार और हिस्से–पुर्जों के लिए अप्रचलन की व्यवस्था निम्नानुसार हैः–

क) नीचे दिए गए (ख) एवं (ग) को छोड़कर पांच वर्ष से अधिक समय के लिए (5 प्रतिशत की वसूली योग्य निवल राशि के बराबर) अचल रहने वाली इनवेंटरी हेतु प्रावधान किया गया है तथा इसको इनवेंटरी के मूल्य से हटा दिया गया है।

ख) फेज़ आउट किए गए विमान बेड़े की इनवेंटरी को तब तक अनुमानित विक्रय योग्य दर्शाया जाता है जब तक कि उसका उपयोग किसी अन्य विमान में न किया जा सकता हो।

ग) विशेष रूप से ड्राई/वेट लीज़ पर लिए गए विमानों से संबंधित इनवेंटरीज की अप्रचलन व्यवस्था, वर्ष के अंत में कुल लीज़ अवधि की तुलना में पूरी की गई लीज़ अवधि के आधार पर की जाती है।

iv) गैर–वैमानिकी भंडार और हिस्से–पुर्जों की पांच वर्षों से अधिक समय तक अचल रहने वाली इनवेंटरी के लिए अप्रचलन प्रावधान किए गए हैं।

v) स्क्रैप किए गए विमानों के कैनिब्लाइजेशन से प्राप्त पुर्जों को शून्य मूल्य पर स्टॉक माना गया है।

5. **निर्माता ऋण**

निर्माता ऋण हकदारी देयताओं की गणना उसे 'अग्रिमों' के रूप में लेकर प्रोद्भवन आधार पर ''आकस्मिक राजस्व'' के रूप में की गई है जिसे तब समायोजित किया जाता है जब ऐसी हकदारी देयताओं को स्थिर परिसंपत्तियों के अर्जन अथवा व्यय के वहन के लिए देयताओं को अदा करने के लिए उपयोग किया जाता है।

6. **राजस्व निर्धारण**

(क) यात्री, कार्गो तथा मेल राजस्व की पहचान वहन सेवा प्रदान करने पर ही की जाती है। प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में, प्रयोग में नहीं लाई गई टिकटों/एयरवे बिलों के मूल्य के अनुमानित प्रतिशत की पहचान राजस्व के रूप में की जाती है जिसका अनुमान उपलब्ध विगत सांख्यिकी आंकड़ों के आधार पर किया जाता है।

(ख) पुनः जारी करने/धनवापसी/अन्य वाहकों को यात्रियों के अनैच्छिक ट्रांस्फर से हुई हानि अथवा लाभ को भी यथा स्थिति राजस्व से घटाया अथवा शामिल किया जाता है।

(ग) कोड शेयर भागीदारों से प्राप्त अपलिफ्ट डाटा के आधार पर ब्लॉक स्पेस व्यवस्थाओं/कोड शेयर राजस्व/व्यय की पहचान वास्तविक आधार पर की जाती है। जहां भी कोड शेयर भागीदारों से विवरण उपलब्ध नहीं होता है तो राजस्व/व्यय को प्राप्त दस्तावेज़ों/सूचना के आधार पर बुक किया जाता है तथा आवश्यक समायोजन को ऐसी सूचना प्राप्त होने के समय किया जाता है।

(घ) ब्याज से होने वाली आय को समय अनुपात आधार पर माना जाता है।

(ड.) वर्ष के समाप्त होने से पूर्व जब भुगतान को प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त होता है तो लाभांश को आय के रूप में स्वीकार किया जाता है।

(च) बीमा कंपनियों से प्राप्त दावों को बीमा कंपनियों द्वारा उनकी स्वीकृति पर ही लेखों में दर्ज किया जाता है।

(छ) वैंडरों से प्राप्त वारंटी दावे/क्रेडिट नोट की पहचान क्रेडिट नोट के दावों/प्राप्ति की स्वीकृति पर की जाती है।

(ज) वर्ष के दौरान वस्तुएं डिलीवर करने या सेवाएं प्रदान करने पर ही अन्य प्रचालन राजस्व की पहचान की जाती है।

(झ) हज यात्रियों को ले जाने के लिए कंपनी द्वारा किए गए व्यय हेतु भारत सरकार तथा केन्द्रीय हज़ समिति से प्राप्त होने वाली हज प्रचालन राशि को चार्टर राजस्व के रूप में लेखाकृत किया जाता है।

(ञ) स्थिर परिसंपत्तियों, जिनमें मूल्यह्रासित मूल्य वाले विमान शामिल हैं, के विक्रय/स्क्रैप से हुए लाभ अथवा हानि को प्रचालनात्मक राजस्व अथवा व्यय के रूप में लाभ तथा हानि विवरणी में रखा जाता है।

(ट) अन्य मदें:–

i) स्क्रैप विक्रय, चिकित्सा, शैक्षिक तथा अन्य बिना वेतन अवकाशों का उपयोग करने हेतु कर्मचारी से प्रतिपूर्ति, आपूर्तिकर्ताओं से ब्याज़ के दावों, अन्य स्टाफ दावों तथा लॉस्ट बैगेज दावों की गणना नकद आधार पर की जाती है।

ii) आयटा बकायों हेतु देय राशियों की देयताओं, व्ययों के लिए देयताओं तथा निर्माता क्रेडिटों की गणना किए गए दावों की सीमा तक/प्राप्त इन्वायस के आधार पर की जाती है।

7. संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान

ऋणों के लिए प्रावधान तब किया जाता है जब वे या तो तीन वर्षों से अधिक पुराने हों अथवा उनके संदिग्ध होने की जानकारी विशेष रूप से हो।

तथापि, सरकार, राज्य या केन्द्रीय सरकार के विभागों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से संबंधित ऋणों, जिनके निश्चित रूप से वसूली योग्य होने की जानकारी है, को इसमें सम्मिलित नहीं किया जाता चाहे वे 3 वर्ष से अधिक पुराने हों।

8. विदेशी मुद्रा लेन–देन

i) <u>समग्र विदेशी प्रचालनों का विदेशी मुद्रा लेन–देन</u>

(क) समग्र विदेशी प्रचालन से संबंधित राजस्व तथा व्यय का विदेशी मुद्रा में लेन–देन निर्धारित मासिक दरों (प्रकाशित आयटा दरों पर आधारित) पर अंतरित किया जाता है।

(ख) परिवहन के लिए एयरलाइनों के साथ इंटरलाइन समझौता, संबंधित माह के लिए आयटा द्वारा प्रकाशित विनिमय दर पर किया जाता है ।

ii) <u>विदेशी मुद्रा मौद्रिक मदें</u>

(क) दिनांक 31 मार्च, 2009 (दिनांक 29 दिसम्बर, 2011 को संशोधित) तथा तदुपरांत समय–समय पर हुए संशोधनों के माध्यम से भारत सरकार द्वारा अधिसूचित लेखा मानक 11(एएस–11) से संबंधित कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 तथा उसके साथ पठित कंपनी (लेखा) नियम 2014 के नियम 7 के अंतर्गत अधिसूचित लेखा मानकों के अनुसार कंपनी दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा मौद्रिक मदों की रिपोर्टिंग के समय उत्पन्न होने वाले विनिमय अंतरों का लेखांकन करती है।

i) तद्नुसार, पिछले वित्तीय विवरणों में दिए गए या अवधि के दौरान प्रारंभ में रिकार्ड की गई दरों से भिन्न दरों पर दीर्घकालिक मौद्रिक मदों की रिपोर्टिंग या समझौते से उत्पन्न विनिमय अंतरों के प्रभाव को परिसंपत्तियों की लागत में कटौती या वृद्धि द्वारा लेखांकित किया जाता हैं। मूल्यह्रास पूंजी परिसंपत्तियों के अधिग्रहण से संबंधित होने पर, संबंधित परिसंपत्तियों की शेष उपयोगी आयु तथा लागत में वृद्धि या कटौती द्वारा तथा अन्य मामलों में "विदेशी मुद्रा मौद्रिक मद परिवर्तित अंतर लेखा" में अंतरण द्वारा इनका लेखांकन किया जाता है।

ii) वर्ष के अंत में दीर्घकालिक के रूप में पहचान किए गए विदेशी मुद्रा मौद्रिक मदों को भारतीय विदेशी मुद्रा डीलर्स एसोसिएशन (एफईडीएआई) द्वारा वर्ष के अंत में परिचालित विनिमय दर पर परिवर्तित किया जाता है और विनिमय दर में हुए उतार–चढ़ाव के कारण जो लाभ/हानि हुई है उसे लाभ–हानि खाते में दर्शाया जाता है।

ख) देयता तथा लोन व अग्रिम जिनके लिए संदेहास्पद प्रावधान किए जाते हैं, वर्ष के अंत में उनके संबंध में किसी भी विनिमय परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाता है क्योंकि उनके प्राप्त होने की संभावना नहीं होती।

9. सेवानिवृत्ति लाभ

कर्मचारियों को दिए जाने वाले सेवानिवृत्ति लाभ में परिभाषित अंशदान योजनाएं और परिभाषित लाभ योजनाएं शामिल हैं।

(क) परिभाषित अंशदान योजनाओं में कर्मचारियों के भविष्य निधि तथा कर्मचारी राज्य बीमा योजना में अंशदान शामिल हैं। कंपनी ने भविष्य निधि अंशदान की व्यवस्था के लिए अलग से एक ट्रस्ट बनाया है जिसमें नियमित रूप से अंशदान जमा किया जाता है। कर्मचारी राज्य बीमा देय को सरकारी प्राधिकारियों के पास नियमित रूप से जमा किया जाता है।

(ख) कंपनी की परिभाषित लाभ योजनाएं, जो निधिबद्ध नहीं होती, में उपदान, बीमारी छुट्टी तथा सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभ एवं अन्य लाभों सहित छुट्टी नकदीकरण सम्मिलित हैं। इन लाभों की देयता (नीचे दिए गए 'ग' को छोड़कर) भारतीय कानून के अनुसार वर्ष के अंत में प्रोजैक्टिड यूनिट क्रेडिट पद्धति के तहत बीमांकिक रूप से निर्धारित की जाती है।

(ग) विदेशी स्टेशनों पर सीधे भर्ती किए गए कर्मचारियों के लिए उपदान, छुट्टी नकदीकरण, पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्ति लाभों की देयता का प्रावधान वर्ष के अंत में उपलब्ध सूचना के आधार पर, संबंधित देशों में प्रभावी स्थानीय कानूनों के अनुसार किया जाता है।

10. ऋण लागत

(क) प्रगति–पर–पूंजीगत कार्य सहित अर्हक परिसंपत्तियों के अर्जन, निर्माण या उत्पादन के लिए प्रत्यक्ष रूप से लगाई गई ऋण लागत को परिसंपत्तियों के व्यावसायिक प्रयोग के आरंभ होने की तिथि तक पूंजीकृत किया जाता है।

(ख) 10.00 मिलियन रुपए से अधिक मूल्य की अर्हक परिसंपत्तियों के अर्जन के लिए उपयोग की गई उधार की निधियों पर लगाया गया ब्याज, उस अर्जन के समय के बकाया ऋणों पर भारित औसत ऋण दर पर पूंजीकृत किया जाता है ।

11. परिसंपत्तियों की क्षति

कंपनी प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख पर निर्धारित करती है कि क्या वहां पर परिसंपत्तियों की क्षति के कोई संकेत हैं। यदि इस प्रकार का कोई संकेत हो तो एएस–28 के अनुसार क्षतिपूर्ति के लिए प्रावधान किए जाते हैं।

12. प्रचालनगत लीज़

(क) ऐसी लीज़, जहां पट्टादाता लीज़ पर ली गई परिसंपत्तियों के स्वामित्त्व के सभी जोखिम और लाभ प्रभावी रूप से अपने पास सुरक्षित रखता है, उसे प्रचालनगत लीज़ के रूप में वर्गीकृत किया जाता है तथा वर्ष के लिए देय लीज़ किरायों को लाभ एवं हानि खाते में दर्शाया जाता है। उन लीजों के संबंध में जिनकी अवधि, टर्मिनेशन/रिलीज राशि के भुगतान द्वारा बढ़ा दी गई हैं, जिसके द्वारा कंपनी विमान में अवशिष्ट अधिकार प्राप्त करती है, ऐसी राशि को उड़ान घंटों द्वारा निर्धारित विमान के शेष उपयोगी जीवन से घटा दिया जाता है।

(ख) लीज़ अवधि के दौरान जिस अनुरक्षण में वृद्धि होने की संभावना है, उसके लिए अनुरक्षण आरक्षित हेतु पट्टादाताओं को दिया गया अंशदान पूर्वदत्त व्यय के रूप में माना जाता है।

13. कमोडिटी हैजिंग लेन–देन :

कमोडिटी हैजिंग कांट्रैक्ट के प्रीमियम को कांट्रैक्ट में शामिल होने की तिथि पर लेखाकृत किया जाता है। तथापि, निपटान कांट्रैक्ट के संबंध में वसूले गए लाभ/हानि को वसूल किए गए वर्ष में लाभ और हानि विवरणी में दर्शाया जाता है।

14. आय पर कर

आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार, वर्तमान कर के लिए प्रावधान किया जाता है।

तुलन–पत्र की तारीख को अधिनियमित या वास्तविक रूप से अधिनियमित की गई कर दरों और विधियों का प्रयोग करके बहीखातों और कर योग्य लाभों के बीच के समय के अंतर के आधार पर आस्थगित कर की पहचान की जाती है। आस्थगित कर परिसंपत्तियों की पहचान की जाती है और उन्हें एक निश्चित सीमा तक आगे बढ़ाया जाता है जिससे वास्तव में कंपनी की प्रचालनात्मक तथा वित्तीय पुनः संरचना, राजस्व अर्जन तथा लागत कटौती कार्यक्रम के आधार पर यह सुनिश्चित हो कि भविष्य में परिसंपत्तियों की वसूली की जाएगी।

15. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं तथा आकस्मिक परिसंपत्तियां

(क) मापन में बहुत अधिक मात्रा में अनुमान वाले प्रावधान तब पहचाने जाते हैं जब पूर्व घटना के परिणामस्वरूप कोई वर्तमान दायित्व होता है तथा यह संभावना होती है कि संसाधनों का आउटफ्लो होगा।

(ख) पूर्व घटनाओं से उद्भूत होने वाली संभावित देयताओं के संबंध में, प्रत्येक मामले में 0.1 मिलियन रुपए से अधिक प्रासंगिक देयताओं को दर्शाया जाता है किंतु उनकी उपस्थिति की पुष्टि, भविष्य की एक या अधिक अनिश्चित घटनाओं (जो कंपनी के पूर्णतया नियंत्रण में नहीं होती) के होने या न होने से होती है।

(ग) आकस्मिक परिसंपत्तियों की न तो पहचान की जाती है और न ही उन्हें वित्तीय विवरणों में दर्शाया जाता है।

16. फ्रीक्वेंट फ्लायर कार्यक्रम

कंपनी एक फ्रीक्वेंट फ्लायर कार्यक्रम चलाती है जिसमें एकत्रित किए गए माइलेज़ प्वाइंटों के आधार पर अपने सदस्यों को निःशुल्क टिकटें प्रदान की जाती हैं। इस कार्यक्रम के तहत निःशुल्क यात्रा के लिए यात्रियों की सुख–सुविधाएं तथा कानूनी देयता (यदि कोई है) का प्रावधान वास्तविक मूल्यांकन आधार पर किया जाता है तथा इसे लाभ एवं हानि विवरणी में दर्शाया जाता है।

17. अन्य देयताएं

तीन वर्ष से अधिक पुरानी देयताओं को "प्रोविज़न नो लांगर रिक्वायर्ड रिटिन बैक" शीर्ष के अंतर्गत पुनरांकित किया जाता है, जब तक कि ऐसी देयताएं भविष्य में देय होने के लिए विशेष रूप से ज्ञात न हों।

18. पूर्वदत्त व्यय/व्ययों की देयता

पूर्वदत्त व्यय/व्ययों की देयता की निम्नानुसार पहचान की जाती है :–

(क) विदेशी स्टेशन – प्रत्येक मामले में 50,000/– रुपए और उससे अधिक

(ख) घरेलू स्टेशन – प्रत्येक मामले में 10,000/– रुपए और उससे अधिक

नोट ''2'' शेयर पूंजी

(रुपए मिलियन में)

विवरण	31 मार्च, 2016 को	31 मार्च, 2015 को
क. प्राधिकृत 10 रुपए प्रत्येक के 25,000.0 मिलियन इक्विटी शेयर (पिछले वर्षः 10 रुपए प्रत्येक के 25,000.0 मिलियन इक्विटी शेयर)	**250,000.0**	250,000.0
	250,000.0	250,000.0
ख. जारी, अभिदत्त और पूर्ण प्रदत्त शेयर प्रति 10 रुपए के 21,496.0 मिलियन इक्विटी शेयर (पिछले वर्षः 10 रुपए प्रत्येक के 17,178.0 मिलियन इक्विटी शेयर)	**214,960.0**	171,780.0
कुल	**214,960.0**	171,780.0

ख.i) शेयरों की संख्या का मिलान

	(शेयरों की संख्या मिलियन में)		(शेयर मूल्य मिलियन रुपए में)	
विवरण	**2015-16**	2014-15	**2015-16**	2014-15
वर्ष के प्रारंभ में इक्विटी शेयर	**17,178**	14,345	**171,780.0**	143,450.0
जमाः वर्ष के दौरान आबंटित इक्विटी शेयर	**4,318**	2,833	**43,180.0**	28,330.0
वर्ष के अंत में इक्विटी शेयर	**21,496**	17,178	**214,960.0**	171,780.0

ii) इक्विटी शेयरों से संबंद्ध शर्तें/अधिकार

कंपनी के पास एक ही प्रकार की शेयर पूंजी है जो इक्विटी शेयर के रूप में है तथा जिसका मूल्य 10/–रुपए प्रति शेयर है। इक्विटी शेयर के प्रत्येक धारक को प्रति शेयर एक वोट देने का अधिकार है।

कंपनी के समापन की स्थिति उत्पन्न होने पर इक्विटी शेयर धारक, सभी प्रकार की अधिमान्य राशियों के भुगतान के बाद, कंपनी की शेष परिसम्पत्तियों को प्राप्त करने के हकदार होंगे। शेयर होल्डर के स्वामित्व में जितने इक्विटी शेयर होंगे उसी के अनुपात में वितरण किया जाएगा।

iii) शेयर होल्डिंग पद्धतिः

कंपनी एक सरकारी कंपनी है। इसके 100 प्रतिशत शेयर भारत के राष्ट्रपति तथा उनके नामिती के नाम हैं तथा यह नागर विमानन मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में हैं।

ग. **शेयर ऐप्लीकेशन मनी**: 29,290.0 मिलियन रुपए (गत वर्ष : 39,470.0 मिलियन रुपए) की शेयर ऐप्लीकेशन मनी लंबित आबंटन से अभिप्राय भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015–16 के दौरान पूंजी निवेश के तहत भुगतान की गई राशि से है जिसके लिए शेयरों के आबंटन को अभी तय नहीं किया गया है।

नोट ''3'' : आरक्षित एवं अधिशेष

(रुपए मिलियन में)

विवरण	31 मार्च 2016	31 मार्च 2015
1. आरक्षित पूंजी		
पिछले तुलन पत्र के अनुसार शेष	**6,485.4**	1,760.3
जमा : वर्ष के दौरान वृद्धि*	**494.1**	4,924.7
घटा : मूल्यह्रास को ऑफ सेट करने के लिए लाभ–हानि खाते में अंतरण **(नोट 20 देखें)**	**301.2**	199.6
अंतशेष	**6,678.3**	6,485.4
2. सामान्य आरक्षित		
पिछले तुलन पत्र के अनुसार शेष	**(1,436.7)**	(1,436.7)
अंतशेष	**(1,436.7)**	(1,436.7)
3. अन्य आरक्षित		
क) फोरन करेन्सी मोनेटरी आइटम ट्रांसलेशन डिफरेन्स खाता। (एफसीएमआईटीडीए)	**(3,465.0)**	(3,401.9)
पिछले तुलन पत्र के अनुसार शेष	**(527.4)**	(297.4)
वर्ष के दौरान विनिमय लाभ/(हानि)	**285.8**	234.3
वर्ष के दौरान ऋण चुकौती		
अंतशेष	**(3,706.6)**	(3,465.0)
4. अधिशेष/(घाटा)		
पिछली वित्तीय विवरणियों के अनुसार शेष	**(375,440.4)**	(316,837.6)
अनुसूची ।। के अनुसार मूल्यह्रास में समायोजन	3.7	(3.7)
वर्ष में हानि	**(38,367.8)**	(58,599.1)
निवल घाटा	**(413,804.5)**	(375,440.4)
कुल (1+2+3+4)	**(412,269.5)**	(373,856.7)

* इसमें नागपुर में टैस्ट सेल सुविधा के लिए जीई से प्राप्त एमआरओ भत्ता सम्मिलित है।

नोट ''4'' : दीर्घावधि ऋण

(रुपए मिलियन में)

विवरण	गैर चालू		चालू	
	31 मार्च, 2016 तक	31 मार्च, 2015 तक	**31 मार्च, 2016 तक**	31 मार्च, 2015 तक
I डिबेंचर्स	**136,000.0**	136,000.0	**-**	-
II मियादी ऋण				
क) बैंकों से (रक्षित)	**121,249.6**	122,265.0	**2506.8**	2,527.6
ख) बैंकों से (अरक्षित)	**24,130.7**	5,379.9	**5,693.0**	167.9
ग) अन्य पार्टियों से (अरक्षित)	**233.8**	230.5	**10.5**	9.9
III वित्त पट्टे की बाध्यताओं की दीर्घावधि परिपक्वता	**76,449.7**	87,575.6	**16,387.4**	15,345.9
कुल	**358,063.8**	351,451.0	**24,597.7**	18,051.3

4(I) डिबेंचर्स

क) प्रत्येक 1 मिलियन रुपए के अंकित मूल्य के 136,000 रिडिमेबल, अरक्षित, अपरिवर्तनशील डिबेन्चरों (गत वर्ष : 136,000 डिबेन्चर) को भारत सरकार द्वारा गारंटी दी गई। परिपक्वता संबंधी विवरण एवं निर्धारित ब्याज की दर निम्नानुसार है :–

(रुपए मिलियन में)

परिपक्वता की अवधि	परिशोधन पर देय राशि	ब्याज दर
दिसम्बर-2031	4,714.0	9.08%
नवम्बर-2031	10,086.0	9.08%
सितम्बर-2031	15,000.0	10.05%
दिसम्बर-2030	4,714.0	9.08%
नवम्बर-2030	10,086.0	9.08%
दिसम्बर-2029	4,714.0	9.08%
नवम्बर-2029	10,086.0	9.08%
दिसम्बर-2028	4,714.0	9.08%
नवम्बर-2028	10,086.0	9.08%
दिसम्बर-2027	4,714.0	9.08%
नवम्बर-2027	10,086.0	9.08%
सितम्बर-2026	40,000.0	9.84%
मार्च-2020	7,000.0	9.13%
कुल	**136,000.0**	

ख) कंपनी द्वारा लाभ अर्जन के अभाव में कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 71 (4) के अंतर्गत अपेक्षित डिबेंचर छूट आरक्षित सृजित नहीं किया गया।

4(IIक) बैंकों से रक्षित मियादी ऋणों का विवरण निम्नानुसार है:–

(रुपए मिलियन में)

क्रम सं0	रिस्ट्रक्चरिंग ऋणदाता	31 मार्च, 2016 तक	31 मार्च, 2015 तक
1	इलाहाबाद बैंक	**2,841.7**	2,871.9
2	आन्ध्रा बैंक	**3,434.8**	3,458.2
3	बैंक ऑफ बड़ौदा	**12,768.1**	12,924.1
4	बैंक ऑफ इंडिया	**16,795.8**	16,556.6
5	केनरा बैंक	**8,340.3**	8,439.3
6	सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया	**9,082.8**	9,191.6
7	कार्पोरेशन बैंक	**7,384.2**	7,477.8
8	देना बैंक	**1,313.7**	1,340.3
9	दी फेडरल बैंक लिमिटेड	**2,040.2**	1,994.7
10	आईडीबीआई बैंक लिमिटेड	**4,256.3**	4,308.0
11	इंडियन बैंक	**4,247.5**	4,302.4
12	इंडियन ओवरसीज़ बैंक	**6,974.2**	7,064.1
13	ओरियंटल बैंक ऑफ कामर्स	**8,680.3**	8,781.5
14	पंजाब नेशनल बैंक	**11,971.9**	12,103.8
15	पंजाब एंड सिंध बैंक	**2,696.3**	2,726.7
16	भारतीय स्टेट बैंक	**6,461.8**	6,596.8
17	सिंडिकेट बैंक	**6,231.6**	6,312.4
18	यूको बैंक	**5,675.1**	5,744.3
19	युनाईटेड बैंक ऑफ इंडिया	**2,559.8**	2,598.1
	कुल	**123,756.4**	124,792.6

बैंकों के सभी रक्षित आवधिक ऋणों के लिए ब्याज दर को संबंधित बैंक की ऋण दर/बेस दर/लिबर प्लस मार्जिन से जोड़ा गया है। इन ऋणों की चुकौती तिमाही किस्तों में 31 दिसम्बर 2013 से आरंभ होकर 30 सितम्बर 2026 के अंत तक किया जाएगा। चुकौती की किस्त की राशि तथा ब्याज दर का खुलासा चुकौती अनुसूची की जटिलता तथा बैंक के साथ ब्याज दर में गोपनीयता की शर्त के कारण नहीं किया गया है।

उपर्युक्त बैंकों के सभी मियादी ऋण 29 विमानों तथा बाजार मूल्य पर 12 अचल परिसंपत्तियों तथा सभी चालू परिसंपत्तियों से रक्षित हैं (गत वर्ष 29 विमान, 12 अचल परिसंपत्तियां तथा सभी चालू परिसंपत्तियां)। तथापि 7 अचल परिसम्पत्तियों के लिए बैंकों के साथ उचित बंधक पत्र तैयार किया जाना शेष है।

4(IIख) बैंकों से कुल 29823.7 मिलियन रुपए (पिछले वर्ष 5,547.8 मिलियन रुपए) के कुल अरक्षित आवधिक ऋण पर भारत सरकार द्वारा गारंटी दी गई है।

(रुपए मिलियन में)

समान ऋण किस्तों की संख्या	31 मार्च, 2016 को ऋण किस्तों की राशि	ब्याज दर	चुकौती माह का प्रारंभ	परिपक्वता माह
21	1,132.1	लीबर + 2.13455	अप्रैल-2015	अप्रैल-2021
20	1,186.6	लीबर + 2.15	मार्च-2015	मार्च-2021
20	1,198.0	लीबर + 1.55	मार्च-2016	मार्च-2021
20	1,325.5	लीबर + 1.55	मार्च-2016	मार्च-2021
17	19,876.5	लीबर + 1.80	जून-2016	मार्च-2020
बुलैट	4,575.9	लीबर + 1.45 /2.5	जुलाई/सितम्बर-2011	सितम्बर-2016
04	529.1	लीबर + 3.82-4.01%	जनवरी-2016	जुलाई-2017
कुल	**29,823.7**			

4(IIग) 244.3 मिलियन रुपए (पिछले वर्ष :240.4 मिलियन रुपए) के ''अन्य से अरक्षित आवधिक ऋण'' पर भारत सरकार की पूरी गारंटी है।

(रुपए मिलियन में)

समान ऋण किस्तों की संख्या	31 मार्च, 2016 को ऋण राशि	ब्याज दर	चुकौती माह का प्रारंभ	परिपक्वता माह
48	168.3	ब्याज रहित	अक्तूबर-1990	अक्तूबर-2039
42	76.0	ब्याज रहित	अक्तूबर-1987	मार्च-2037
कुल	**244.3**			

4(III) 22,837.1 मिलियन रुपए (गत वर्षः 102,921.5 मिलियन रुपए) की वित्त लीज़ बाध्यता की दीर्घकालीन परिपक्वता को 74,901.3 मिलियन रुपए (गत वर्षः 82471.0 मिलियन रुपए) तक भारत सरकार की गारंटी प्राप्त है।

(रुपए मिलियन में)

समान ऋण किस्तों की संख्या	31 मार्च, 2016 को ऋण राशि	ब्याज दर	चुकौती माह का प्रारंभ	परिपक्वता माह
54	14,826.6	लीबर + 0.24	अगस्त-2011	जुलाई-2022
74	28,738.5	लीबर + 0.93	मार्च-2010	सितम्बर-2021
20	19,636.3	लीबर + 0.75	फरवरी-2008	फरवरी-2021
37	6,078.3	लीबर - 0.05+0.55	जनवरी-2009	मई-2020
53	9490.1	2.46% से 2.89% स्थिर	अक्तूबर-2007	दिसम्बर-2019
15	14067.3	लीबर + 0.75	मार्च-2007	दिसम्बर-2019
कुल	**92,837.1**			

* दीर्घकालिक ऋणों की वर्तमान परिपक्वता को अन्य चालू देयताओं शीर्ष के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। (संदर्भ नोट संख्या 5)

नोट ''5'' : देयताएं

(रुपए मिलियन में)

विवरण	अन्य दीर्घकालिक देयताएं		अन्य चालू देयताएं	
	31 मार्च, 2016 तक	31 मार्च, 2015 तक	**31 मार्च, 2016 तक**	31 मार्च, 2015 तक
व्यापार देय *	**-**	**-**	**80,093.0**	69,122.6
(क)	**-**	**-**	**80,093.0**	69,122.6
अन्य देयताएं				
क) दीर्घकालिक ऋण की वर्तमान परिपक्वता **	**-**	**-**	**8,210.3**	2,705.4
ख) वित्त लीज़ बाध्यताओं की वर्तमान परिपक्वता **	**-**	**-**	**16,387.4**	15,345.9
ग) उपार्जित ब्याज किंतु देय तिथि को देय नहीं	**-**	**-**	**6,779.9**	6,556.2
घ) उपार्जित ब्याज और ऋण पर देय ***	**-**	**-**	**349.9**	430.6
ड.) फोरवर्ड सेल्स (निवल)(यात्री/कार्गो)	**-**	**-**	**22,281.5**	19,875.1
च) ग्राहकों से अग्रिम (निवल)	**-**	**-**	**484.8**	503.9
छ) अन्य देयताएं (निवल)	**666.7**	653.3	**22,233.3**	19,397.0
(ख)	**666.7**	653.3	**76,727.1**	64,814.1
कुल (क+ख)	**666.7**	653.3	**156,820.1**	133,936.7

* **<u>व्यापार देय में सम्मिलित हैं:–</u>**

सहायक कंपनी एअर इंडिया एयर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड को निवल देय के 861.2 मिलियन रुपए (पिछले वर्ष : 538.7 मिलियन रुपए) सम्मिलित हैं।

सहायक कंपनी एअर इंडिया इंजीनियरिंग सर्विसेज़ लिमिटेड को निवल देय के शून्य मिलियन रुपए (पिछले वर्ष : 6.8 मिलियन रुपए) सम्मिलित हैं।

संयुक्त कंपनी एआई–सैट्स को निवल देय के 654.2 मिलियन रुपए (पिछले वर्ष 644.6 मिलियन रुपए) निवल देय हैं।

सूक्ष्म तथा लघु उद्यमों की पहचान – नोट सं0 49 भी देखें।

** दीर्घावधि ऋण/वित्त लीज बाध्यताओं की वर्तमान परिपक्वता के विवरण को दीर्घावधि ऋण के अंतर्गत रखा गया है (संदर्भ नोट संख्या 4)।

*** **<u>अर्जित एवं देय ब्याज में निम्नलिखित सम्मिलित हैं:–</u>**

बैंकों से लिए गए (गत वर्ष : 43.9 मिलियन रुपए) के रक्षित आवधिक ऋण पर ब्याज शून्य मिलियन रुपए में है जिसका बाद में भुगतान कर दिया गया। (संदर्भ नोट सं0 4)।

बैंकों की मांग पर प्रतिदेय रक्षित आवधिक ऋण पर ब्याज 253.0 मिलियन रुपए (गत वर्ष : 270.4 मिलियन रुपए) है जिसका बाद में भुगतान कर दिया गया। (संदर्भ नोट सं0 7)।

बैंकों की मांग पर प्रतिदेय अरक्षित आवधिक ऋण पर 96.9 मिलियन रुपए (गत वर्ष : 116.3 मिलियन रुपए) का ब्याज है जिसका बाद में भुगतान कर दिया गया। (संदर्भ नोट सं0 7)।

नोट ''6'' : प्रावधान

(रुपए मिलियन में)

विवरण	दीर्घावधि प्रावधान		अल्पावधि प्रावधान	
	31 मार्च, 2016 को	31 मार्च, 2015 को	**31 मार्च, 2016 को**	31 मार्च, 2015 को
कर्मचारी लाभ हेतु प्रावधान				
क) उपदान	**5,347.2**	6,027.7	**936.4**	995.3
ख) छुट्टी नकदीकरण	**3,406.3**	3,309.4	**514.0**	742.3
ग) सेवानिवृत्ति के पश्चात् चिकित्सा तथा अन्य लाभ	**2,640.1**	2,127.3	**361.2**	527.1
अन्य प्रावधान **(क)**	**11,393.6**	11,464.4	**1,811.6**	2,264.7
क) संपत्ति कर	**-**	**-**	**-**	17.1
ख) फ्रिक्वेंट फ्लायर कार्यक्रम	-	-	**269.6**	291.9
(ख)	**-**	**-**	**269.6**	309.0
कुल (क + ख)	**11,393.6**	11,464.4	**2,081.2**	2,573.7

नोट ''7'' : अल्पावधि ऋण

(रुपए मिलियन में)

विवरण	31 मार्च, 2016 को	31 मार्च, 2015 को
I मांग पर ऋण अदायगी :		
क) बैंकों से (रक्षित) 1/2/#	**119,653.2**	121,548.7
ख) बैंकों से (अरक्षित) #	**25,855.6**	22,619.8
कुल	**145,508.8**	144,168.5

1. बैंकों की मांग पर रक्षित ऋण की पुनः अदायगी 64,827.2 मिलियन रुपए है (पिछले वर्ष 66,517.5 मिलियन रुपए)। बैंकों से रक्षित ऋण का विवरण नीचे दिया गया है:

(रुपए मिलियन में)

क्रम सं0	ऋणदाता की सूची	31 मार्च, 2016 को	31 मार्च, 2015 को
1	इलाहाबाद बैंक	**3,850.0**	3,850.0
2	आन्ध्रा बैंक	**1,002.9**	1,010.0
3	बैंक ऑफ बड़ौदा	**4,009.9**	3,917.5
4	बैंक ऑफ इंडिया	**5,596.2**	6,797.8
5	केनरा बैंक	**4,810.4**	4,754.1
6	सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया	**2,716.5**	2,716.5
7	कार्पोरेशन बैंक	**2,185.7**	2,210.0
8	देना बैंक	**3,641.2**	2,390.4
9	एचडीएफसी बैंक लि.	**166.8**	232.3
10	दी फेडरल बैंक लिमिटेड	**662.6**	625.1
11	आईडीबीआई बैंक लिमिटेड	**1,262.6**	1,264.2
12	इंडियन बैंक	**1,280.0**	1,280.0
13	इंडियन ओवरसीज बैंक	**2,041.2**	5,085.8
14	ओरियंटल बैंक ऑफ कामर्स	**2,597.7**	2,597.7
15	पंजाब नेशनल बैंक	**3,813.8**	3,757.5
16	पंजाब एंड सिंध बैंक	**789.9**	806.4
17	स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक	**18,390.6**	17,380.7
18	भारतीय स्टेट बैंक	**2,443.7**	2,266.5
19	सिंडिकेट बैंक	**1,867.7**	1,867.7
20	यूको बैंक	**1,697.8**	1,697.8
21	युनाईटेड बैंक ऑफ इंडिया	**-**	9.5
	कुल (1)	**64,827.2**	66,517.5

64827.1 मिलियन रुपए के ऋण बाजार मूल्य पर 34 विमानों तथा 12 अचल परिसंपत्तियों तथा सभी चालू परिसंपत्तियों के आडमान द्वारा रक्षित है (गत वर्ष 35 विमान तथा 12 अचल परिसम्पत्तियां तथा सभी चालू परिसम्पत्तियां)। तथापि 7 अचल परिसम्पत्तियों हेतु बैंकों के साथ उचित बंधक पत्र तैयार किया जाना शेष है:

2. बैंकों की मांग पर रक्षित ऋण की पुनः अदायगी 54826.0 मिलियन रुपए है (पिछले वर्ष 55,031.2 मिलियन रुपए)। बैंको से रक्षित ऋणों का ब्योरा निम्नानुसार है:–

(रुपए मिलियन में)

क्रम सं0	**ऋणदाता की सूची**	**31 मार्च, 2016 को**	31 मार्च, 2015 को
1	बैंक ऑफ इंडिया	**13,118.5**	12,375.0
2	ड्यूशे बैंक/स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक	**41,707.5**	36,718.7
3	इन्वेसटैक बैंक	**-**	5,937.5
	कुल (2)	**54,826.0**	55,031.2
	कुल (1 + 2)	**119,653.2**	121,548.7

बाजार मूल्य पर 9 विमानों के आडमान द्वारा 54826.0 मिलियन रुपए (गत वर्ष :55,031.2 मिलियन रुपए) का ऋण रक्षित किया गया है। (गत वर्ष 9 विमान)

बैंकवार राशि और चूक की अवधि की घोषणा आंकड़ों की जटिलता और बैंकों के साथ किए गए गोपनीयता खंड के कारण नहीं की जा रही है (नोट 4 तथा 5 भी देखें)।

नोट ''8'' : स्थिर परिसंपत्तियां

(रुपए मिलियन में)

क्र. सं.	विवरण	सकल पूंजी				मूल्यह्रास				निवल पूंजी	
		01 अप्रैल, 2015 को	वृद्धि	कटौती/ पुनःवर्गीकरण	31 मार्च, 2016 को	01 अप्रैल, 2015 तक	वर्ष के लिए	कटौती/ पुनःवर्गीकरण	31 मार्च, 2016 तक	31 मार्च, 2016 तक	31 मार्च, 2015 तक
	मूर्त परिसंपत्तियां :										
	क. भूमि तथा भवन										
1.	भूमि–फ्रीहोल्ड	7,158.6	648.5	147.0	7,660.1	-	-	-	-	**7,660.1**	7,158.6
2.	भूमि–पट्टे पर	63,457.9	19.7	648.5	62,829.1	956.9	-	956.9	-	**62,829.1**	62,501.0
3.	भवन	20,696.6	84.2	376.7	20,404.1	6,327.7	772.3	63.2	7,036.8	**13,367.3**	14,368.9
	उप जोड़ (क)	91,313.1	752.4	1,172.2	90,893.3	7,284.6	772.3	1,020.1	7,036.8	**83,856.5**	84,028.5
	ख. विमान बेड़ा, रोटेबल्स व रिपेयरेबल्स										
1.	एयरफ्रेम										
	अपने स्वामित्व के	227,065.0	20,458.9	51,384.9	196,139.0	59,009.0	9,482.5	1,176.0	67,315.5	**128,823.5**	168,056.0
2.	एयरो इंजन तथा पावर प्लांट										
	(क) अपने स्वामित्व के–स्थिर लागत	78,339.1	10,528.1	20,204.7	68,662.5	18,841.1	3,130.1	959.5	21,011.7	**47,650.8**	63,554.9
	(ख) अपने स्वामित्व के–अस्थिर लागत (घटक)	5,518.7	542.6	-	6,061.3	1,461.8	1,750.4	-	3,212.2	**2,849.1**	-
	(ग) अपने स्वामित्व के–रिपेयर लागत	-	2,275.3	-	2,275.3	-	326.2	-	326.2	**1,949.1**	-
3.	सिमुलेटर तथा लिंक ट्रेनर	2,431.3	-	-	2,431.3	715.3	98.0	-	813.3	**1,618.0**	1,716.0
4.	एयरफ्रेम रोटेबल्स	6,448.0	1,648.6	112.4	7,984.2	2,215.7	405.0	9.7	2,611.0	**5,373.2**	4,232.3
5.	ऐयरो इंजन रोटेबल्स	1,408.8	-	-	1,408.8	591.3	60.5	-	651.8	**757.0**	817.5
6.	सिमुलेटर रोटेबल्स	0.1	-	-	0.1	0.1	-	-	0.1	**-**	-
7.	विमान की मरम्मत सामग्री	8,338.9	2,518.8	427.0	10,430.7	2,510.7	1,285.3	441.6	3,354.4	**7,076.3**	5,828.2
	उप जोड़ (ख)	329,549.9	37,972.3	72,129.0	295,393.2	85,345.0	16,538.0	2,586.8	99,296.2	**196,097.0**	244,204.9
	ग. अन्य–स्थिर परिसम्पत्तियां										
1.	कार्यशाला उपस्कर, उपकरण मशीनरी तथा संयंत्र	2,546.4	17.7	14.8	2,549.3	442.5	174.0	4.1	612.4	**1,936.9**	2,103.9
2.	सील सहायता तथा रैम्प उपकरण	2,001.2	9.4	2.1	2,008.5	1,119.3	330.7	1.0	1,449.0	**559.5**	881.9
3.	फर्नीचर तथा फिक्सचर	238.7	9.0	0.1	247.6	120.7	27.8	0.1	148.4	**99.2**	118.0
4.	वाहन	246.3	8.7	4.4	250.6	202.1	6.8	(3.1)	212.0	**38.6**	44.2
5.	कार्यालय मशीनें तथा उपकरण	731.8	33.6	7.3	758.1	452.2	197.8	4.8	645.2	**112.9**	279.6
6.	कंप्यूटर प्रणाली	1,537.4	59.9	14.2	1,583.1	1,147.8	288.2	12.4	1,423.6	**159.5**	389.6
7.	बिजली की फिटिंग तथा इंस्टालेशन्स	698.8	1.7	-	700.5	200.5	61.3	-	261.8	**438.7**	498.3
	उप जोड़ (ग)	8,000.6	140.0	42.9	8,097.7	3,685.1	1,086.6	19.3	4,752.4	**3,345.3**	4,315.5
	मूर्त परिसंपत्तियों के लिए कुल जोड़	**428,863.6**	**38,864.7**	**73,344.1**	**394,384.2**	**96,314.7**	**18,396.9**	**3,626.2**	**111,085.4**	**283,298.8**	332,548.9
	अमूर्त परिसंपत्तियां :										
	क. कंप्यूटर साफ्टवेयर	2,873.5	72.2	-	2,945.7	1,634.2	471.7	-	2,105.9	**839.8**	1,239.3
	ख. अन्य	639.4	-	-	639.4	127.9	127.9	-	255.8	**383.6**	511.5
	अमूर्त परिसंपत्तियां के लिए कुल जोड़	**3,512.9**	**72.2**	**-**	**3,585.1**	**1,762.1**	**599.6**	**-**	**2,361.7**	**1,223.4**	1,750.8
	कुल परिसंपत्तियां	**432,376.5**	**38,936.9**	**73,344.1**	**397,969.3**	**98,076.8**	**18,996.5**	**3,626.2**	**113,447.1**	**284,522.2**	
	पिछला वर्ष	417,468.4	62,478.0	47,569.9	432,376.5	86,897.1	19,408.6	8,228.9	98,076.8		334,299.7
	पूंजीगत कार्य – प्रगति पर									**6,734.0**	12,636.1
	विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्तियां									**13.5**	13.5
	कुल योग									**291,269.7**	346,949.3

1 वर्ष के दौरान कंपनी ने दीर्घावधि मौद्रिक मदों के निपटान एवं रिपोर्टिंग से प्राप्त 9,166.2 मिलियन रुपए (पिछले वर्ष 7,336.2 मिलियन रुपए) के ट्रांस्लेशन अंतर को पूंजीगत किया। ''विमान बेड़ा रोटेबल्स व रिपेयरेबल्स'' में विदेशी मुद्रा में लिए गए ऋण 9,167.3 मिलियन रुपए (गत वर्षः 7298.8 मिलियन रुपए) पर विनिमय दर का उतार–चढ़ाव (नेट डेबिट और क्रेडिट) भी सम्मिलित है।

2 विमान बेड़ा रोटेबल्स व रिपेयरेबल्स में 37 विमान (तीन बी777–200 एल आर, बारह बी777–300 ई आर, दस ए–319 तथा बारह ए–321) (गत वर्ष : 37 विमान : तीन बी777–200 एल आर, बारह बी777–300 ई आर, दस ए–319, एवं बारह ए–321,) तथा 5 अतिरिक्त जीई इंजन (गत वर्ष : 5 अतिरिक्त जीई इंजन) सम्मिलित हैं तथा इन 37 विमानों और 5 अतिरिक्त इंजनों का पंजीकरण एसपीवी कंपनी के नाम है जिसके लिए लाभ हकदारी एअर इंडिया लि0 की है।

3 वर्ष के दौरान पूंजीगत की गई ऋण लागत 603.1 मिलियन रुपए (गत वर्ष 8,345.8 मिलियन रुपए) है।

4 विमान बेड़ा, रोटेबल्स व रिपेयरेबल्स'' के ब्लॉक के तहत कटौती में वर्ष के दौरान स्क्रैप किया गया 1जीई इंजन (गत वर्षः 2बी777–200 एलआर) सम्मिलित है। ग्रॉस ब्लॉक 1,278.8 मिलियन रुपए (गत वर्षः 150,076.1 मिलियन रुपए), मूल्यह्रास के लिए प्रावधान 455.5 मिलियन रुपए (गत वर्षः 4,046.1 मिलियन रुपए) है।

5 विमान बेड़ा रोटेबल्स व रिपेयरेबल्स के ब्लॉक में कमी में 1बी787–8 विमान (गत वर्ष : 4 बी787–8 विमान) सम्मिलित हैं जिन्हें वर्ष के दौरान विक्रय एवं लीज बैक व्यवस्था के अंतर्गत अंतरित किया गया । सकल ब्लॉक 6,550.0 मिलियन रुपए (गत वर्ष : 26,293.4 मिलियन रुपए), मूल्यह्रास के लिए प्रावधान 409.3 मिलियन रुपए (गत वर्ष :1376.4 मिलियन रुपए) है।

6 विमान बेड़ा रोटेबल्स व रिपेयरेबल्स के ब्लॉक में कमी में वर्ष के दौरान विक्रय के लिए रखा गया पुनः वर्गीकृत 9 बी 787–800 विमान भी शामिल हैं (संदर्भ नोट सं0 31)। सकल ब्लॉक 63,760.9 मिलियन रुपए मूल्यह्रास के लिए प्रावधान 1270.7 मिलियन रुपए।

7 मूल्यह्रास के तहत पूर्वावधि के लिए 947.8 मिलियन रुपए का क्रेडिट (गत वर्षः 31.8 मिलियन रुपए क्रेडिट) तथा पूंजी आरक्षित के लिए 301.2 मिलियन रुपए का डेबिट (गत वर्षः 199.6 मिलियन रुपए का डेबिट) सम्मिलित हैं।

8 लेखांकन नीति के अनुसार, कंपनी ने एएस 28 की अपेक्षानुसार परिसम्पत्तियों की क्षति की जांच की तथा परिसंपत्तियों को कोई क्षति नहीं हुई है।

9 ''अमूर्त परिसम्पत्तियां–अन्य'' में स्टार एलायंस में शामिल होने का सदस्यता शुल्क सम्मिलित है।

10 वर्कशॉप उपकरण, इन्स्ट्रुमेन्ट मशीनरी तथा संयंत्र एवं अन्य स्थायी परिसंपत्तियों में सम्मिलित विशेष औजारों की कुल ब्लॉक राशि में वर्षवार मूल्यह्रास किया जा रहा है।

11 कंपनी अधिनियम 2013 के अनुसार 01.04.2015 को 1,461.8 मिलियन रुपए का मूल्यह्रास के लिए रक्षित के अंतरण 6,066.1 मिलियन रुपए की राशि को इंजन की स्थिर लागत से इंजन की अस्थिर लागत में अंतरित किया गया है। वर्ष के दौरान इंजन के अस्थिर घटक इंजन पर 1,750.4 मिलियन रुपए मूल्यह्रास प्रभारित किए गए हैं।

12 विमान बेड़ा, रोटेबल्स व रिपेयरेबल्स में 2 बी 777–300 विमान तथा 1 इंजन (एमएसएन 906791) शामिल है जिन्हें विक्रय की तिथि को कम मूल्य पर वीवीआईपी प्रचालनों के लिए रक्षा मंत्रालय को बेचने के संबंध में बातचीत जारी है। सकल ब्लॉक 21,435.1 मिलियन रुपए, मूल्यह्रास के लिए 5,289.7 मिलियन रुपए तथा निवल ब्लॉक के लिए 16,145.3 मिलियन रुपए का प्रावधान है।

